संख्या—cm-463
**22/07/2026**

# बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं को मिली नई गति, गुरु गोविंद सिंह अस्पताल, पटना सिटी के नवनिर्मित भवन में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का लोकार्पण सहित कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

## मुख्य बिंदु :—

- गुरु गोविंद सिंह अस्पताल (जिला अस्पताल), पटना सिटी के नवनिर्मित भवन में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का किया लोकार्पण, जिला औषधि भंडार गृह, पटना का शुभारंभ।
- राज्य के विभिन्न जिला अस्पतालों में 105 नए ICU बेड, 70 इंटरमीडिएट केयर यूनिट (IMCU) बेड तथा 24X7 आपातकालीन सेवाओं का शुभारंभ।
- सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में पब्लिक—प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल के तहत निःशुल्क पैथोलॉजी सेवाओं के प्रथम चरण का शुभारंभ।
- प्रथम चरण में 11 हब लैब (जहां मशीन एवं उपकरण स्थापित हैं) तथा 221 स्पोक लैब (नमूना संग्रह केंद्र) को जोड़ा गया।
- राज्य के 25 अनुमंडलीय अस्पतालों में निःशुल्क डायलिसिस सेवा का शुभारंभ, जिससे PHH एवं आयुष्मान कार्डधारियों के साथ अन्य पात्र लाभार्थियों को भी रियायती दर पर उपचार की सुविधा मिलेगी।
- अस्पतालों में इलाज की सारी सुविधा बेहतर ढंग से उपलब्ध रखना है ताकि मरीजों को रेफर करना न पड़े।
- आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं आम नागरिकों तक पहुंचेंगी।

पटना 22 जुलाई 2026 :— मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज गुरु गोविंद सिंह अस्पताल (जिला अस्पताल), पटना सिटी के नवनिर्मित भवन में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं के साथ जिला औषधि भंडार गृह, का शिलापट्ट अनावरण कर शुभारंभ किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान वहां उपस्थित मरीजों से मुख्यमंत्री ने बातचीत की और उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों को बातचीत करते हुये कहा कि यहां पर इलाज की सारी सुविधा बेहतर ढंग से उपलब्ध रखें ताकि मरीजों को रेफर करना न पड़े। डॉक्टर सहित उपचार की सारी सुविधायें ससमय मरीजों को मिलनी चाहिये। मुख्यमंत्री ने

ऑर्थोपेडिक ओ0टी0 का भी निरीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सकों से कहा कि ऑर्थोपेडिक के इलाज का विशिष्ट पहचान बनायें और मरीजों को इलाज की सारी सुविधायें यहीं मिले।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिला अस्पतालों में 105 नए ICU बेड, 70 इंटरमीडिएट केयर यूनिट (IMCU) बेड तथा 24X7 आपातकालीन सेवाओं का भी लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने राज्य के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में पब्लिक–प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) अन्तर्गत हब एवं स्पोक मॉडल में निःशुल्क पैथोलॉजी सेवाओं के तहत प्रथम चरण में 11 हब लैब (जहां मशीन/उपकरण अधिष्ठापित एवं जांच सुविधा उपलब्ध) एवं इससे संबद्ध 221 स्पोक लैब (नमूना संग्रहण स्थल) का भी शुभारंभ किया। इस व्यवस्था के अंतर्गत राज्य में मरीजों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण जांच सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध होंगी तथा जांच रिपोर्ट समय पर प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री ने राज्य के 25 अनुमंडलीय अस्पतालों में निःशुल्क डायलिसिस (पी0एच0एच0 एवं आयुष्मान कार्ड धारी को निःशुल्क एवं अन्य को रियायती दर) सेवा का शुभारंभ किया। गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को अब पी0एच0एच0 एवं आयुष्मान कार्डधारियों को यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होगी, जबकि अन्य पात्र लाभार्थियों को भी रियायती दरों पर डायलिसिस सेवा मिलेगी। इससे गंभीर किडनी रोग से पीड़ित मरीजों को अपने जिले के बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। स्वास्थ्य अवसंरचना के विस्तार के साथ–साथ विशेषज्ञ उपचार सेवाओं को जिला एवं अनुमंडल स्तर तक पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, बेहतर चिकित्सा उपकरण, प्रशिक्षित मानव संसाधन तथा मजबूत स्वास्थ्य अवसंरचना के माध्यम से बिहार को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन नई सुविधाओं से प्रदेश के लाखों नागरिकों को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध होगा तथा बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था और अधिक सशक्त बनेगी।

मुख्यमंत्री ने गुरू गोबिंद सिंह अस्पाल परिसर में प्रबंधक कमिटी तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब की ओर से स्थापित 'खंडा साहिब' का लोकार्पण किया और नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत, विधायक श्री रत्नेश कुमार, पटना की महापौर श्रीमती सीता साहू, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव श्री संजय कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव डॉ0 त्याग राजन एस0एम0, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक श्री अमित कुमार पाण्डेय, बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री सुब्रत कुमार सेन सहित अन्य वरीय अधिकारी, चिकित्सक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

*********